मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.co.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/ई–मण्डी/2018–19/1125 भोपाल दिनांक 25 मई 2019

प्रति,

(01) संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

(02) सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति,
............................ जिला ........................ (म0प्र0)

विषयः–प्रदेश की मण्डी समितियों में दैनिक क्रियाकलापों के अंतर्गत नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रुम) की स्थापना संबंधी।

–0–

उल्लेखित विषय में कार्यालयीन पत्र क्रमांक/बी–6/नियमन/ई–मण्डी/521/1617–1618 दिनांक 02 अप्रेल 2019 से प्रदेश की मण्डी समितियों में ई–मण्डी दैनिक क्रियाकलापों के अंतर्गत पाक्षिकी विवरण, भुगतान पत्रक, प्रदेश के बाहर से आयतित कृषि उपज एवं बिलों के आधार पर व्यापारियों द्वारा छोटी छोटी मात्रा में विक्रय उपज की प्रविष्टि निर्धारित स्कीन में ऑनलाईन सुनिश्चित कराते हुये व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले प्ररुप–10 के तहत मण्डी द्वारा ऑनलाईन प्ररुप–9 जारी किये जाने के संबंध में संदर्भित पत्र से विस्तृत दिशा–निर्देश दिये गये हैं एवं इसी आशय के निर्देश कार्यालयीन पत्र क्रमांक/बी–5/2/ई–मण्डी/2018–19/02–03 दिनांक 10 मई 2019 की प्रतियॉ सुलभ संदर्भ के लिये संलग्न है।

2/ उपरोक्त ऑनलाईन प्रविष्टि कार्य को समय सीमा में पूर्ण कराने एवं स्थिति को सतत् रुप से निगरानी/पर्यवेक्षण/कठिनाईयों का निवारण करने के लिये मण्डी बोर्ड मुख्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रुम) अपने वर्तमान दायित्वों के साथ साथ तत्काल प्रभाव से अन्य आगामी आदेश तक "ई–मण्डी" नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रुम) का कार्य भी सम्पादित करेगा। इस नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0755 2550495 एवं टॉल फ्री नंबर 1800 2332 501 है। यह नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रुम) सभी कार्यालयीन एवं अवकाश दिवसों में प्रातः 10.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक संचालित रहेगा।

उक्त नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रुम) में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने वर्तमान दायित्वों के साथ साथ "ई–मण्डी" दैनिक क्रियाकलापों के अंतर्गत ऑनलाईन प्रविष्टि कार्य में मण्डी समितियों एवं अंचल कार्यालयों द्वारा सूचित की जाने वाली तकनीकी स्वरुप तथा अन्य समस्याओं का त्वरित निराकरण करेंगे और उन कठिनाईयों का रिकार्ड पृथक से पंजी/रजिस्टर में संधारित करेंगे। मण्डी बोर्ड मुख्यालय के नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रुम) प्रभारी द्वारा प्रत्येक कार्य

Sandeep

दिवस की रिपोर्ट प्रति 01 से 02 घंटे के अंतराल में श्री संजीव अग्निहोत्री, प्रोग्रामर, मण्डी बोर्ड मुख्यालय को प्रस्तुत की जावेगी, वे इस संबंध में मण्डी बोर्ड मुख्यालय के संबंधित शाखा प्रभारियों विशेषकर नियमन शाखा, मण्डी बोर्ड मुख्यालय से समन्वय व सहयोग रख त्वरित समाधान/निवारण की कार्यवाही पूर्ण करवायेंगे। इस कार्य में संयुक्त संचालक/सहायक संचालक (नियमन शाखा), मण्डी बोर्ड मुख्यालय द्वारा अपेक्षित सहयोग किया जावेगा।

मण्डी बोर्ड मुख्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रुम) का प्रशासनिक नियंत्रण संयुक्त संचालक (ई–मण्डी अनुज्ञा प्रभाग) के अधीन रहेगा।

3/ समस्त संयुक्त संचालक/उप संचालक अपने आंचलिक कार्यालय में पूर्व में स्थापित किये गये अंचल कार्यालयवार नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रुम) को तत्काल प्रभाग से क्रियाशील करेंगे। मण्डी स्तर से उपरोक्त ऑनलाईन प्रविष्टि कार्य को समय सीमा में पूर्ण कराने एवं सतत् निगरानी/पर्यवेक्षण करने में अंचल के मास्टर ट्रेनर के साथ साथ आवश्यक संख्या में उपयुक्त अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाये तथा उनके दूरभाष एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी मण्डी बोर्ड मुख्यालय को प्रेषित की जाये।

अंचल के सभी नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रुम) मण्डी बोर्ड मुख्यालय एवं अंचल की मण्डियों के सतत् सम्पर्क में रहेगें एवं मण्डी समितियों द्वारा सूचित की जाने वाली तकनीकी स्वरुप तथा अन्य समस्याओं का त्वरित निराकरण करेंगे और उन कठिनाईयों का रिकार्ड पृथक से पंजी/रजिस्टर में संधारित करेंगे एवं प्रत्येक कार्य दिवस की रिपोर्ट अपने संयुक्त संचालक/उप संचालक, आंचलिक कार्यालय को देंगे।

ऑनलाईन प्रविष्टि कार्य में मण्डी की ऐसी तकनीकी एवं अन्य समस्यायें जिनका निवारण अंचल कार्यालय से होना संभव नहीं है वे ही जानकारियॉ प्रतिदिन यथा समय मण्डी बोर्ड मुख्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रुम) को पूर्ण विवरण के साथ ई–मेल पर प्रेषित की जावेगी एवं पंजी में नोट भी कराई जावेगी।

अंचल कार्यालयवार नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रुम) का प्रशासनिक नियंत्रण संबंधित संयुक्त संचालक/उप संचालक आंचलिक कार्यालय के अधीन रहेगा।

<u>संलग्नः–उपरोक्तानुसार।</u>

(फैज अहमद किदवई)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/ई–मण्डी/2018–19/1126 भोपाल दिनांक 25 मई 2019

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) अपर संचालक, (एम.आई.एस./नियमन/भा.भु.यो./वित्त/योजना/प्रभारी अधिकारी संभाग), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(02) अपर संचालक, (कार्मिक प्रबंधन प्रभाग), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल :– ''ई–मण्डी'' अनुज्ञा पत्र अंतर्गत उपरोक्त ऑनलाईन प्रविष्टि कार्य को गति देने व समय सीमा में पूर्ण कराने एवं स्थिति को सतत् रुप से निगरानी/पर्यवेक्षण/दैनिक कार्य संचालन की कठिनाईयों का निवारण करने के लिये मण्डी बोर्ड मुख्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रुम) में आवश्यक संख्या में नियमन व्यवस्था का ज्ञान रखने वाले कर्मियों को प्राथमिकता देते हुये उपयुक्त मेनपावर की पदस्थी करने का कष्ट करें।

(03) श्री ए0एन0सिद्धीकी, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक/श्री मुशर्रफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(04) संयुक्त संचालक, (नियमन)/सहायक संचालक (नियमन), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(05) श्री संजीव अग्निहोत्री, प्रोग्रामर, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल